भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों

भिलाई, भुवनेश्वर, मुंबई, दिल्ली, धनबाद, गाँधीनगर, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जोधपुर, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास, मंडी, पालक्काड, पटना, रूड़की, रोपड़, तिरूपति तथा वाराणसी (बी.एच.यू.)

भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू

संयुक्त स्नातकोत्तर उपाधि प्रवेश परीक्षा (जैम) 2022

जैम 2022

शैक्षणिक सत्र 2022–2023 के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (भिलाई, भुवनेश्वर, मुंबई, दिल्ली, धनबाद, गाँधीनगर, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जोधपुर, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास, मंडी, पालक्काड, पटना, रूड़की, रोपड़, तिरूपति, तथा वाराणसी) में विज्ञान निष्णात (M.Sc.) (द्विवर्षीय), संयुक्त विज्ञान–निष्णात विद्या वाचस्पति (Joint M.Sc.-Ph.D.), विज्ञान–निष्णात विद्या वाचस्पति (द्वि उपाधि) (M.Sc.-Ph.D. Dual Degree), विज्ञान–निष्णात एम. एस. (शोध) विद्या वाचस्पति (द्वि उपाधि) (M.Sc.-MS (Research) Ph.D. Dual Degree) तथा अन्य स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 13 फरवरी 2022 (रविवार) को जैम 2022 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी । भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरू द्वारा समन्वित विद्या वाचस्पति कार्यक्रम में प्रवेश हेतु जैम स्कोर का प्रयोग किया जाएगा । जैम 2022 स्कोर का प्रयोग एन.आई.टी. (सी.सी.एम.एन. द्वारा), आई.आई.ई. एसटी. शिबपुर, एस.एल.आई.ई.टी. पंजाब, एवं आई.आई.एस.ई.आर. के कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी किया जा सकेगा । जैम 2022 में सभी भारतीय तथा विदेशी नागरिक भाग ले सकते हैं परंतु विदेशी विद्यार्थियों का प्रवेश सम्बंधित संस्थान के विदेशी छात्र के प्रवेश संबंधी नियम एवं विनियम के अंतर्गत होगा ।

जैम 2022 का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की द्वारा किया जा रहा है । जैम 2022 से सम्बंधित समस्त पत्राचार आयोजक अध्यक्ष, जैम 2022, गेट–जैम कार्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की, रूड़की – 247667 (उत्तराखंड) को संबोधित किया जाना चाहिए ।

प्रश्नपत्र तथा परीक्षा विधि

जैम 2022 की परीक्षा सात विषयों – जैव प्रौद्योगिकी (BT), रसायन शास्त्र (CY), अर्थशास्त्र (EN), भू.विज्ञान (GG), गणित (MA), गणितीय सांख्यिकी (MS), तथा भौतिकी विज्ञान (PH), के लिए होगी तथा प्रत्येक प्रश्नपत्र की अवधि 03 घंटे होगी । सभी विषयों के लिए जैम 2022 की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा के रूप में ऑनलाइन ही आयोजित की जाएगी । कोई भी अभ्यर्थी एक विषय अथवा दो विषयों में परीक्षा दे सकते है । दो विषयों में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी को अतिरिक्त शुल्क देना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि दोनों विषय एक ही सत्र में न हों ।

तिथि तथा दिन	सत्र	प्रश्नपत्र कोड
13 फरवरी 2022 (रविवार)	पूर्वाह्न	**BT, MS, PH**
	अपराह्न	**CY, EN, GG, MA**

परीक्षा शहर / नगर

अकोला, अगरतला, अमरावती, अलीगढ़, अहमदनगर, अहमदाबाद, आगरा, आलप्पुषा, आसनसोल–दुर्गापुर, इम्फाल, इंदौर, एर्णाकुलम, औरंगाबाद, कटक, कन्नूर, करीमनगर, कल्याणी, कानपुर, कुरूक्षेत्र, कोट्टयम, कोयम्बटूर, कोलकाता, कोल्लम, कोल्हापुर, कोषिक्कोड, खड़गपुर, गाजियाबाद, गुरूग्राम, गुलबर्गा / कालाबुर्गी, गुवाहाटी, ग्रेटर नोएडा, गोरखपुर, गोवा, चेन्नई, जबलपुर, जम्मू, जयपुर, जलगॉव, जालंधर, जींद, जोधपुर, जोरहाट, डिब्रुगढ़, तिरूच्चिरापल्ली, तिरूनेल्वेलि, तिरूपति, तिरूवनंतपुरम, दीमापुर–कोहिमा, देहरादून, धनबाद, नई दिल्ली, नागपुर, नांदेड़, नासिक, नोएडा, पटना, पटियाला, प्रयागराज (इलाहाबाद), पालक्काड, पुणे, पुदुचेरी, फरीदाबाद, बरहमपुर, बरेली, बड़ोदरा, बिलासपुर, बीदर, बालागवी / बेलगाम, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, भोपाल, मथुरा, मदुरै, मुरादाबाद, मुंबई, मेरठ, मैसूर, मोहाली, मंगलूर, राजकोट, रायपुर, रांची, रूड़की, लखनऊ, वाटकरा, वाराणसी, वारंगल, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम, शिमोगा, शिलॉग, श्रीनगर, सातारा, सांगली, सिलीगुड़ी, सूरत, सेलम, सोलापुर, हासन, हिसार, हुबली, हैदराबाद और त्रिशूर ।

टिप्पणीः– जैम 2022 समिति अपने विवेकानुसार किसी परीक्षा शहर / नगर को सम्मिलित कर सकती है अथवा सूची से हटा सकती है।

सूचना पुस्तिका तथा आवेदन प्रक्रिया

जैम 2022 से सम्बंधित सूचना पुस्तिका तथा सभी सूचनाएं समय–समय पर वेबसाइटः **https://jam.iitr.ac.in** पर अपलोड की जाएंगी । अभ्यर्थी 28 अगस्त, 2021 से 11 अक्टूबर, 2021 तक जैम 2022 के लिए पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते है । आवेदन शुल्क केवल ऑनलाइन जमा किया जा सकेगा तथा यह अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा, जिसका विवरण निम्नवत है :

समूह/श्रेणी	एक विषय शुल्क	दो विषय शुल्क
महिला (सभी श्रेणियाँ)/अ.जा./अ.ज.जा./दिव्यांग	**₹ 750/-**	**₹ 1050/-**
अन्य सभी	**₹ 1500/-**	**₹ 2100/-**

प्रश्नपत्र और उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रमः जैम प्रश्नपत्र तथा विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध शैक्षिणक कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी के लिए कृपया जैम 2022 की वेबसाइटः **https://jam.iitr.ac.in** या संबंधित संस्थानों की जैम 2022 की वेबसाइट देखें ।

प्रवेश के लिए पात्रता अपेक्षाएं

अर्हक उपाधि में कुल (aggregate) अंक अथवा सीजीपीए / सीपीआई, सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग (एन.सी.एल.) / आ.क. वर्ग (ई.डबल्यू.एस.) श्रेणी के अभ्यर्थी तथा विदेशी नागिरकों के लिए बिना राउंडिंग ऑफ (भाषा तथा सहायक विषयों सहित सभी वर्षो के संयुक्तांक) कम से कम 55 प्रतिशत अथवा 10 में से 5.5 होना चाहिए ओर अ.जा. तथा अ.ज.जा. एवं दिव्यांग श्रेणी के लिए कम से कम 50 प्रतिशत अथवा 10 में से 5.0 होना चाहिए (यदि सीजीपीए / सीपीआई का स्केल अलग होगा तो यह रैखिक रूप से 10 के स्केल पर समतुल्य किया जाएगा।

टिप्पणीः प्रवेश देने वाले संस्थान द्वारा निर्धारित अपेक्षित पात्रता के साथ अर्हक उपाधि उत्तीर्ण करने का प्रमाण 30 सितम्बर 2022 तक प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिए । आरक्षण नीति भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार है ।

प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता

कृपया जैम 2022 की वेबसाइटः **https://jam.iitr.ac.in** या संबंधित संस्थानों की जैम 2022 की वेबसाइट देखें ।

संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2022–2023 के लिए उपरोक्त शैक्षणिक पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश जैम 2022 की अखिल भारतीय मैरिट सूची के आधार पर किया जाएगा । जैम 2022 के किसी भी विषय में उत्तीर्ण अभ्यर्थी के सांगत उपलब्ध सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे बशर्ते कि वे प्रवेश देने वाले सम्बंधित संस्थान द्वारा निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं तथा पात्रता अपेक्षाओं को पूरा करते हों । जैम 2022 का परिणाम घोषित होने के उपरांत, सफल अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है कि वे आयोजक संस्थान (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की) में उन कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन अपनी वरीयताएं प्रस्तुत करें, जिसमें वे प्रवेश प्राप्त करना चाहते हैं । **अभ्यर्थी को यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी विषय की मैरिट सूची में आने मात्र से प्रवेश के लिए किसी प्रकार की गारंटी तथा पात्रता स्वतः प्राप्त नहीं हो जाती हैं । प्रवेश निर्धारित शुल्क इत्यादि से सम्बंधित विस्तृत सूचनाएं जैम 2022 की वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी ।**

आयोजक अध्यक्ष, जैम 2022

गेट–जैम कार्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की, रूड़की–247667 (उत्तराखंड)

फोनः (01332) 284531, ईमेलः jam@iitr.ac.in, वेबसाइटः https://jam.iitr.ac.in